**ROLL NO.**

# DAV BR PUBLIC SCHOOL, BINA
## ANNUAL EXAMINATION (2023-24)
## SAMPLE PAPER

**Class: _VII** **Subject: _HINDI**
**Time:-2 hrs** **MM: -50**

| | | |
|---|---|---|
| **प्रश्न-१)** | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** | **१x५=५** |
| | जीवन में हार-जीत, हानि-लाभ, यश-अपयश, सफलता-असफलता आदि सब कुछ मन पर | |
| | निर्भर है प्रायः देखा गया है कि अनेक व्यक्ति बूढ़े होने पर भी जवान दिखलाई देते हैं और कुछ | |
| | युवा होते हुए भी बूढ़े दिखने लगते हैं | कुछ अंधाधुंध धन होने पर भी निर्धन बने रहते हैं, कुछ | |
| | फटेहाल रहकर भी मस्त और सुखी रहते हैं | कौरव संख्या और धनबल में पांडवों से बहुत | |
| | अधिक थे किन्तु जीत पांडवों की हुई | मन की दृढ़ता के कारण सावित्री यमराज से भी भिड़ | |
| | गई और अपने पति को जीवन दे सकी। नचिकेता ने न केवल मृत्यु को जीत लिया बल्कि | |
| | दूसरों के लिए भी अनेक वरदान प्राप्त किए। महात्मा गांधी और उनके सहयोगी केवल मन | |
| | की दृढ़ता के बल पर उस अंग्रेजी साम्राज्य से लड़ गए, जिसके राज्य में सूरज नहीं डूबता था। | |
| | अतः जीत चाहने वालों को मन की दृढ़ता पैदा करनी होगी। मन को जीतना होगा। | |
| प्रश्न- | | |
| १. | जीवन में सफलता असफलता किस पर निर्भर है ? | |
| | क) दिल और दिमाग पर | |
| | ख) मन पर | |
| | ग) स्वभाव पर | |
| | घ) बाहुबल पर | |
| | | |
| २. | बूढ़े का जवान व जवान का बूढ़ा दिखना निर्भर करता है - | |
| | क) मनुष्य की सोच पर | |
| | ख) मनुष्य की भावनाओं पर | |
| | ग) मन की दृढ़ता पर | |
| | घ )इनमें से कोई नहीं | |
| | | |
| ३. | नचिकेता ने जीत लिया था - | |
| | क) देश को | |
| | ख) पूरे मानव जाति को | |
| | ग) मृत्यु को | |

| | | |
|---|---|---|
| | घ) अपार धन-संपत्ति को | |
| | | |
| ४. | मन की दृढ़ता से- | |
| | क) सभी कार्य सफल होते हैं। | |
| | ख) असंभव भी संभव हो जाता है | | |
| | ग) मनुष्य मन को भी जीत लेता है | |
| | घ) दिए गए सभी | |
| | | |
| ५. | उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक है - | |
| | क) मन का विजयी होना | |
| | ख) मन के हारे हार है मन के जीते जीत | |
| | ग) मन की दृढ़ता | |
| | घ) मन के भाव | |
| | | |
| **प्रश्न-२)** | **नीचे लिखे अपठित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए |** | **१x५ =५** |
| | यह हार एक विराम है , | |
| | जीवन महा संग्राम है, | |
| | तिल - तिल मिटूँगा पर दया की भीख मैं लूँगा नहीं, | |
| | वरदान माँगूँगा नहीं | | |
| | स्मृति सुखद प्रहरों के लिए, | |
| | अपने खंडहरों के लिए, | |
| | यह जान लो मैं विश्व की संपत्ति चाहूँगा नहीं , | |
| | वरदान माँगूँगा नहीं | | |
| | क्या हार में क्या जीत में, | |
| | किंचित नहीं भयभीत में, | |
| | संघर्ष पथ पर जो मिले यह भी सही, वह भी सही, | |
| | वरदान माँगूँगा नहीं | | |
| | | |
| १. | कविता से कवि के किस गुण का पता चलता है ? | |
| | (क)स्वाभिमानी एवं आत्मविश्वासी होने का | |
| | (ख) संघर्ष शीलता का अभाव | |
| | (ग) कर्तव्य विमुख होने का | |
| | (घ) भाग्यवादी होने का | |
| | | |
| २. | कवि जीवन में मिलने वाली असफलता को क्या मानता है ? | |

| | | |
|---|---|---|
| | क) जिजीविषा | |
| | ख) निराशा | |
| | ग) विश्राम | |
| | घ) उद्यम शीलता | |
| | | |
| ३. | कवि अपने समय को सुखद बनाने के लिए क्या नहीं करना चाहता ? | |
| | क) परिश्रम | |
| | ख) सुखदायी वस्तुओं की खरीद | |
| | ग) विश्व की संपदा की कामना | |
| | घ) अपने धन का त्याग | |
| | | |
| ४. | 'यह भी सही वह भी सही' का आशय क्या है ? | |
| | क) सुख – दुःख | |
| | ख) जीवन – मरण | |
| | ग) लाभ – हानि | |
| | घ) धन – दौलत | |
| | | |
| ५. | काव्यांश का उचित शीर्षक क्या है ? | |
| | क) वीर का आत्म सम्मान | |
| | ख) वीर का स्वाभिमान | |
| | ग) वीरता | |
| | घ) कर्तव्य पथ | |
| | | |
| | **खंड – (ख) व्यावहारिक व्याकरण** | |
| | | |
| **प्रश्न -३** | **नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर / निर्देशानुसार लिखिए।** | **१x१०=१०** |
| | | |
| १. | निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'योगरूढ़' शब्द का उदाहरण है ? | |
| | क) पेड़ ग) चिड़ियाघर | |
| | ख) गजानन घ) रात | |
| २. | नीचे दिए गए शब्दों में से भाववाचक संज्ञा शब्द छाँटकर लिखिए। | |
| | क) जेठ घ) चढ़ाई | |
| | ख) ताजमहल ग) सरोवर | |
| | | |
| ३. | जब कर्ता स्वयं काम न करके किसी दूसरे से काम करवाता है तो वे क्रियाएँ क्या | |

| | | |
|---|---|---|
| | कहलाती हैं ? | |
| | क) सकर्मक क्रिया ग) अकर्मक क्रिया | |
| | ख) रंजक क्रिया घ) प्रेरणार्थक क्रिया | |
| | | |
| ४. | नीचे दिए गए शब्दों में से देशज शब्द छाँटकर लिखिए \| | |
| | क) ख़त ग) पगड़ी | |
| | ख) डॉक्टर घ) आश्रय | |
| | | |
| ५. | 'उपासना धीरे – धीरे चलती है \|' प्रयुक्त वाक्य में क्रिया विशेषण है - | |
| | क) रीतिवाचक ग) परिमाण वाचक | |
| | ख) स्थान वाचक घ) कालवाचक | |
| | | |
| ६. | नीचे दिए गए वाक्य में से संयुक्त क्रिया छाँटकर लिखिए \| | |
| | मैं तन्मय के साथ लौट आया \| | |
| | | |
| ७. | नीचे दिए गए वाक्य को 'भूतकाल' में परिवर्तित कीजिये \| | |
| | अरुणिमा राष्ट्रपति भवन के सुसज्जित कक्ष में बैठी है \| | |
| ८. | नीचे दिए गए वाक्य में उचित विराम चिह्नों का प्रयोग कीजिए \| | |
| | राम श्याम मोहन और गोपाल खेल रहे हैं | |
| | | |
| ९. | निम्न में से 'दैत्य' शब्द के पर्यायवाची शब्द कौन से हैं ? | |
| | क) दृग, लोचन ग) असुर, राक्षस | |
| | ख) अहि, व्याल घ) अम्बर, पट | |
| | | |
| १०. | नीचे दिए गए तत्सम शब्दों के तद्भव रूप लिखिए \| | |
| | क) हस्ती ख) कृषक | |
| | | |
| | **खंड (ग)** | |
| | | |
| **प्रश्न -४** | **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं ४ प्रश्नों के उत्तर २५-३० शब्दों में लिखिए -** | **२X४ =८** |
| क) | साँप द्वारा पकड़े जाने पर निर्मला को क्या लगा ? | |
| ख) | वर्षा ऋतु में क्या -क्या होता है ? | |
| ग) | तन्मय ने दुकानदार का हाथ क्यों पकड़ रखा था ? | |
| घ) | पतंग उड़ती देख श्यामू का हृदय क्यों खिल उठा ? | |
| ड.) | राष्ट्रपति से पुरस्कार पाते हुए अरुणिमा अपने आपको कहाँ पाती है ? | |

| | | |
|---|---|---|
| च ) | गणपति को किसका देवता माना जाता है ? प्रत्येक कार्य से पहले उनका पूजन क्यों | |
| | किया जाता है ? | |
| | | |
| **प्रश्न-५** | **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं ३ प्रश्नों के उत्तर ४०-५० शब्दों में लिखिए -** | **३X३=९** |
| क) | साधु की तुलना किससे की गई है और क्यों ? | |
| ख) | बच्चे बाज़ार में किस दुकान पर खड़े होकर क्या देख रहे थे और क्यों ? | |
| ग) | ‘रामा’ या ‘बालू’ कौन होते हैं ? गणेशोत्सव के दिनों में ये क्या काम करते हैं ? | |
| घ) | वीर व्यक्ति की किन्हीं चार विशेषताओं के बारे में बताइये | | |
| ङ) | श्री कृष्ण को समझाते हुए यशोदा बलराम के बारे में क्या कहती हैं ? | |
| | | |
| **प्रश्न-६** | आपको कौन सा त्योहार अच्छा लगता है ? उससे आपको क्या प्रेरणा मिलती है ? यह भी | **३X१ =३** |
| | बताइये कि आप उसे किस प्रकार मनाते हैं ? | |
| | **अथवा** | |
| | अपने जीवन की कोई ऐसी घटना का उल्लेख कीजिए जब आपके मधुर व्यवहार के कारण | |
| | आपकी प्रशंसा हुई हो | | |
| | | |
| | **खंड (घ)** | |
| **प्रश्न-७** | **निम्न में से किसी एक विषय पर (८०-१००) शब्दों में अनुच्छेद लिखिए |** | **५X१=५** |
| | | |
| क) | हमारी वन संपदा | |
| ख) | दीपावली | |
| ग) | व्यायाम से लाभ | |
| घ | महान वैज्ञानिक की जीवनी | |
| | | |
| **प्रश्न-८** | **नीचे दिए गए प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर स्वच्छतापूर्वक लिखिए |** | **५X१=५** |
| | | |
| **क)** | अपने छोटे भाई को पतंग उड़ाने की सावधानियाँ बताते हुए पत्र लिखिए | | |
| | **अथवा** | |
| | आपकी वार्षिक परीक्षा निकट है | परिक्षा की तैयारी की चर्चा करते हुए आपके तथा आपके | |
| | मित्र के बीच जो बातचीत होगी, उसे संवाद के रूप में लिखिए | | |
| | **अथवा** | |
| | आप ‘श्रेय शर्मा’ कक्षा सातवीं के विद्यार्थी हैं | स्कूल से आपकी साइकिल चोरी हो | |
| | जाती है | इसके लिए एक सूचना बनाकर लिखिए | | |
| | ------------------------------------------------ | |
| | | |